# बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस का हल्लाबोल

## केन्द्र सरकार के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन कर फूंके पुतले

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** पेट्रोल, डीजल एवं रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों तथा नीट पेपर लीक मामले के विरोध में रानीखेत कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य करन माहरा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का पुतला दहन कर नारेबाजी की और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए करन माहरा ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम आदमी का जीवन कठिन बना दिया है। पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि से छोटे व्यापारियों, टैक्सी चालकों, मजदूरों और दुक. ानदारों की आजीविका प्रभावित हो रही है।

उन्होंने कहा कि बाजारों में मंदी का माहौल है और आम जनता आर्थिक संकट से जूझ रही है, जबकि सरकार समस्या के समाधान के बजाय मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने नीट पेपर लीक मामले को देश के लाखों युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए कहा कि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का भरोसा टूट रहा है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज तक ले रहे हैं, लेकिन भ्रष्ट व्यवस्था युवाओं के सपनों को तोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल पेपर लीक नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य और आत्मविश्वास पर सीधा हमला है। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार से महंगाई पर तत्काल नियंत्रण करने, छोटे व्यापारियों को राहत देने तथा नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम में






नगरपालिका अध्यक्ष अरुण रावत, पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह अधिकारी, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, चिलियानौला नगर अध्यक्ष कमलेश बोरा, गोपाल सिंह देव, अगस्त लाल साह, कुलदीप कुमार, रमेश पंत, कल्पना आर्या, दीपक पंत, विनीत चौरसिया, सोनू सिद्दीकी, कुसुम जोशी, अंकित रावत, अरसलान शेख, नीरज रावत, संदीप बंसल, अजय कुमार बबली, हबीब अहमद, पंकज गुरुरानी, त्रिलोक आर्या, दीप उपाध्याय, विजय तिवारी, हेमंत बिष्ट, मुन्नी देवी, ममता देवी, कमला देवी, राजू, चन्दू, राजेन्द्र वाल्मीकि, मीनू डाबर, अंजू बोरा, स्वाति बंसल, प्रेमा रावत, कृपाल सिंह, राजेन्द्र कुमार, दीपक सोंटियाल, पारस खत्री, मोहित बिष्ट, आदित्य कुमार, आशीष सोंटियाल, अभिनव माहरा, पंकज, दीक्षांत, मो. सिराज सहित अन्य मौजूद रहे।

**अल्मोड़ा।** बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी को लेकर कांग्रेस ने रविवार को अल्मोड़ा में बाइक और स्कूटी को धक्का लगाकर विरोध दर्ज कराया। वहीं, केंद्र और राज्य सरकार का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता यहां मालरोड स्थित चौघानपाटा में एकत्र हुए। जहां उन्होंने महंगाई और पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोत्तरी पर सरकार का पुतला फूंका। वहीं, बाइक और स्कूटी को धक्का लगाकर अनोखे तरीके से अपना विरोध दर्ज किया। इस मौके पर पार्टी जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच ईंधन के दाम बढ़ाना जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने जैसा है। यहां महानगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, सेवा दल जिलाध्यक्ष दिनेश नेगी, पूर्व पालिकाध्यक्ष शोभा जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष पीताम्बर पांडे, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पूरन रौतेला, दीप डांगी, अख्तर हुसैन, आनंद बिष्ट, गीता मेहरा, दीपा शाह, किरण आर्या, तारा तिवारी, भैरव गोस्वामी, दिनेश पिलख्वाल, निर्मल रावत, केवल सती, गोविंद मेहरा, नरेश बारकोटी, जगदीश पांडे, संजय दुर्गापाल, शरद शाह, दीपेश कांडपाल, पार्षद दीपक कुमार, मुकेश कुमार, मयंक बिष्ट, पंकज पाठक, रितिक नयाल, परितोष जोशी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**कालाढूंगी।** बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर पुतला फूंका। रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश में बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार द्वारा हाल ही में बढ़ाए पेट्रोल, डीजल, गैस सहित खाद पदार्थों के दाम से गुस्साए कांग्रेसीयो ने जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल, व ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पांडे के नेतृत्व में कालाढूंगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार का पुतला दहन किया।

इस प्रदर्शन के दौरान महेंद्र पाल ने कहा कांग्रेस के शासन काल में देश में अमन चैन कायम था और एक गरीब भी अपना घर आराम से चला लेता था मगर भाजपा सरकार देश चलाने में विफल हो रही है। उन्होंने कहा नैतिकता के आधार पर भाजपा को इस्तीफा दे देना चाहिए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरज तिवारी ने कहा आज देश में भ्रष्टाचारी चर्म पर है। बढ़ती महंगाई से गरीब परिवार चलाने में असमर्थ हो गया है। उन्होंने कहा आने वाले 2027 के चुनाव में जनता कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर सरकार बनाने का कार्य करेगी। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व चेयरमैन दीप चंद्र सती, जिला पंचायत सदस्य अरनव कंबोज, संजय किरौला, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पांडे, वकील अहमद, पीयूष बिष्ट, रोहित बुधलाकोटी, कमल अधिकारी, सलमान वारसी, हाजी नदीम अहमद, विक्रम सामंत, रंजीत कौर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**काशीपुर।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर महानगर कांग्रेस कमेटी ने आज महाराणा प्रताप चौक पर पेट्रोल, डीजल एवं सीएनजी गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में भाजपा सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए बढ़ती महंगाई पर आक्रोश व्यक्त किया। कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ता एवं कांग्रेसी पार्षदों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर महंगाई वापस लो, जनता पर अत्याचार बंद करो और भाजपा सरकार होश में आओ जैसे नारे लगाए। इसके बाद भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अलका पाल ने सरकार को सवालों में घरते हुए कहा कि लगातार बढ़ रहे पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। महंगाई के कारण परिवहन से लेकर खाने-पीने की वस्तुओं तक के दाम बढ़ गए हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। पुतला दहन करने वालों में अलक. ापाल, मुशर्रफ हुसैन, अरुण चौहान, विकल्प गुड़िया, ब्रह्मपाल, मनोज जोशी, सारिम सैफी, पार्षद अब्दुल कादिर, सरफराज सैफी, रवि ढींगरा समेत भारी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## एक नजर

### ठेकेदार पर 10 हजार की चालानी कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर जनपद में ऑपरेशन प्रहार के तहत किरायेदारों, मजदूरों और फड़-फेरी वालों के सत्यापन को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को धारानौला क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक योगेश चन्द्र उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सघन सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना पुलिस सत्यापन मजदूर रखने पर एक ठेकेदार के खिलाफ पुलिस अधिनियम की धारा 83 के तहत 10 हजार रुपये का चालान किया गया। वहीं 12 बाहरी व्यक्तियों का मौके पर पुलिस सत्यापन कराया गया। पुलिस ने लोगों से किरायेदारों व घरेलू सहायकों का अनिवार्य सत्यापन कराने की अपील करते हुए नियम उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी।

### 186 वाहन चालकों पर कार्रवाई, 12 वाहन सीज

**अल्मोड़ा।** एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत जनपद पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। पर्यटन सीजन को देखते हुए जिलेभर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान रेट्रो साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाली सात मोटरसाइकिलों को सीज किया गया। वहीं दो कारों से काली फिल्म हटाकर चालानी कार्रवाई की गई। थाना सल्ट क्षेत्र में रैश ड्राइविंग कर रहे एक वाहन को भी सीज किया गया। जिलेभर में संयुक्त अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के तहत 186 वाहन चालकों के चालान किए गए तथा पांच अन्य वाहनों को सीज किया गया। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी।

### पुलिस अधिकारियों ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**अल्मोड़ा।** थाना दन्या में रविवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में सीएलजी सदस्य, वरिष्ठ नागरिक और स्थानीय गणमान्य लोग शामिल हुए। थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत ने लोगों की समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। उन्होंने क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। बैठक में किरायेदार सत्यापन, यातायात नियमों के पालन, साइबर अपराध, नशा मुक्ति, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न और बाल विवाह जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और आपदा हेल्पलाइन 1070 की जानकारी भी दी गई।

### लमगड़ा पुलिस ने पांच लोगों पर की कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे आपरेशन मर्यादा के तहत लमगड़ा पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के के निर्देश पर थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। मिली जानकारी के अनुसार अभियान अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक के नेतृत्व में संचालित किया गया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करते मिले पांच लोगों के खिलाफ पुलिस अधिनियम की धारा 81 के तहत चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने सभी को भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी भी दी।

### प्रेम प्रसंग: नाबालिग लड़के ने फांसी लगाकर दी जान

**काशीपुर।** प्रेम प्रसंग के चलते 17 साल के एक नाबालिग लड़के ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि आज सुबह 7.30 बजे इरफान अली ने डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी कि उसके भतीजे मुरसलीन उर्फ अनस ने फांसी लगा ली है। उक्त सूचना पर एसएसआई नवीन बुधानी, चौकी प्रभारी कटोराताल मीना रावत, एसआई गणेश पांडे मौके पर पहुंचे तो देखा मृतक मुरसलीन उर्फ अनस पुत्र इमरान अली निवासी कटोराताल, नई बस्ती, निकट पोस्टमार्टम हाउस, काशीपुर का शव परिजनों द्वारा उतारकर नीचे रखा है। मृतक के गले में स्पहंजनतम डंता स्पष्ट दिख रहा है, इसके अतिरिक्त कोई अन्य जाहिरा चोट के निशान नहीं है। पूछताछ करने पर परिजनों ने बताया कि मृतक मुरसलीन का एक युवती के साथ प्रेम प्रंसग चल रहा था। जिस कारण वह कुछ दिनों से परेशान चल रहा था। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा आदि की कार्यवाही की गई।

### गोकशी में नामजद वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** गौकशी के मुकदमे में नामजद वांछित अभियुक्त को कोतवाली आईटीआई पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधमसिंहनगर अजय गणपति के आदेशानुसार चलाए जा रहे अभियानों के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर एसके सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी काशीपुर प्रशांत कुमार के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली आईटीआई विक्रम राठौर के नेतृत्व में कोतवाली आईटीआई पुलिस टीम द्वारा धारा 3/5/6/11(1)/11(2) उत्तराखंड गौवंश संरक्षण अधिनियम में नामजद वांछित अभियुक्त शादाब अली पुत्र शकील निवासी ग्राम चकलोहरा थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद (यूपी) को कल मस्जिद के पास जसपुर खुर्द से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में विक्रम सिंह राठौर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली आईटीआई, उपनिरीक्षक जसविंदर सिंह प्रभारी चौकी पैगा, अपर उपनिरीक्षक दीपक चौहान, कांस्टेबल सुरेंद्र कांबोज थे।

## मार्बल की दुकान के गल्ले से हजारों रुपये की चोरी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** अज्ञात चोरों ने बीती रात्रि दुकान के छत के ऊपर लगी टीन काटकर गल्ले में रखे हजारों रुपये चोरी कर लिए। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। रामनगर रोड स्थित विधाता मार्बल में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने छत के ऊपर लगी टीन काटकर गल्ले में रखे 12 हजार रुपये चोरी कर लिए। घटना का उस समय पता चला जब सुबह दुकान खोली तो अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया।

**न्यायालय प्रे.अ./सिविल जज (जू.डि.) महोदय काशीपुर जिला उधामसिंहनगर**

रे.क.वाद संख्या-08 वर्ष-2021

**प्रार्थी**-सुनीत माथुर

बनाम

**प्रतिवादी**-कश्मीर सिंह

**नोटिस बनाम**- श्री कश्मीर सिंह बालिग पुत्र श्री बरयाम सिंह निवासी ग्राम दोहरी परसा, आलू फार्म, काशीपुर, जिला उधमसिंहनगर एवं छाबड़ा जी पंजाबी ढाबा, प्रिया मॉल, रेलवे क्रॉसिंग के पास, द्रोणा सागर रोड, काशीपुर, जिला उधामसिंहनगर।

महोदय,

प्रार्थी/वादी सुनीत माथुर के द्वारा आपके विपरीत एक प्रार्थनापत्र वास्ते अवमुक्त किये जाने दुकान स्थित प्रिया मॉल रेलवे क्रॉसिंग के पास द्रोणा सागर रोड काशीपुर अन्तर्गत धारा 21(1)ए यू.पी. एक्ट नम्बर 13 वर्ष 1972 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 30/05/26 नियत है आपको निर्देशित किया जाता है कि आप उक्त दिनांक को प्रात: 10.00 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्याायलय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त वाद में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

मुंसरिम/रीडर

न्यायालय प्रे.अ./सिविल जज (जू.डि.)

काशीपुर जिला उधामसिंहनगर

(उत्तराखण्ड)

## कार्यकर्ताओं को राष्ट्र निर्माण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत रानीखेत के चिलियानौला में आयोजित दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की विचारधारा, सेवा भाव, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल आधार राष्ट्र प्रथम की भावना है और संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं के समर्पण एवं अनुशासन से ही संभव है। प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित कार्यकर्ताओं के उत्साह और सहभागिता की सराहना करते हुए कहा गया कि इससे संगठन के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री



सुरेश भट्ट, रानीखेत जिला प्रभारी प्रदीप जनौटी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य, प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, रानीखेत जिला अध्यक्ष घनश्याम भट्ट, जिला महामंत्री ध्यान सिंह नेगी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष साहिल बेलवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन नेगी, निवर्तमान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीप भगत, वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश भगत, मंडल अध्यक्ष रानीखेत ललित मेहरा, मंडल अध्यक्ष ताड़ीखेत मुकेश पांडे, मंडल अध्यक्ष बिनसर महादेव राम सिंह रावत, मंडल अध्यक्ष भिकियासैंण प्रेम रावत, मंडल महामंत्री उमेश पंत, मनजीत भगत, प्रदीप बिष्ट, राजेंद्र सिंह, दर्शन मेहरा एवं तनुजा शाह उपस्थित रहे।

## ओबीसी मोर्चा के नव नियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** विधायक त्रिलोक सिंह चीमा के कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा आवास विकास मंडल के नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने कहा कि संगठन की मजबूती और समाज के प्रत्येक वर्ग तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने में ओबीसी मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी निरंतर संगठन को सशक्त करते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## चार यात्री घायल

**बागेश्वर।** रविवार को बागेश्वर-कपकोट मोटर मार्ग पर मानीखेत के समीप सवारियों से भरी बोलेरो जीप और जेसीबी मशीन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बोलेरो में सवार चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। डाक्टरों के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर हैं। जानकारी के अनुसार बोलेरो जीप यात्रियों को लेकर बागेश्वर से कपकोट की ओर जा रही थी। इसी दौरान मानीखेत के पास सामने से गलत दिशा में आ रही जेसीबी मशीन ने बोलेरो के अगले हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में घायल विनोद सिंह मनराल, रमेश सिंह रावत, दीपा रावत और पुष्पा मनराल को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया।

## अखबार में विज्ञापन के नाम पर ठगी की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जनपद के ग्राम प्रधानों से देहरादून से प्रकाशित होने वाले एक अखबार के नाम पर विज्ञापन का भुगतान मांगने का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। बिना किसी विज्ञापन की सहमति या आदेश के ही प्रधानों को फोन कॉल और व्हाट्सएप के माध्यम से बिल भेजकर डिजिटल भुगतान करने के लिए कहा जा रहा है।

इस घटना के बाद क्षेत्र के जनप्रति. निधियों में चिंता और असमंजस का माहौल बना हुआ है। ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष दीपक खेतवाल ने बताया कि पिछले कई दिनों से जिले के विभिन्न ग्राम प्रधानों को लगातार फोन कॉल आ रहे हैं। कॉल करने वाले लोग दावा कर रहे हैं कि संबंधित प्रधान का विज्ञापन अखबार में प्रकाशित किया गया है और उसका भुगतान अभी लंबित है। इसके लिए गूगल पे सहित अन्य डिजिटल माध्यमों से तुरंत पैसे जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है। इतना ही नहीं, व्हाट्सएप पर कथित बिल भी भेजे जा रहे हैं। प्रधानों का कहना है कि उन्होंने इस प्रकार का कोई विज्ञापन न तो दिया है और न ही किसी अखबार से संपर्क किया है। बावजूद इसके उनसे पैसे की मांग किया जाना बेहद संदिग्ध और चिंता. जनक है। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष दीपक खेतवाल के नेतृत्व में प्रधानों ने बागेश्वर पुलिस को पूरे प्रकरण की जानकारी दी है। साथ ही लिखित शिकायत सौंपकर मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## दिनेश को पीएचडी उपाधि

**बागेश्वर।** कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल से दिनेश कुमार पुत्र शेर राम ने इतिहास विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने 'बागेश्वर जनपद में स्थित प्रमुख मंदिरों का ऐतिहा. सिक अध्ययन' विषय पर अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। दिनेश कुमार वर्तमान में न्यू सैनिक जूनियर हाईस्कूल, सूरजकुंड कठायतबाड़ा में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। वह कपकोट ब्लॉक के नौकोड़ी (देवीबगड़) गांव के निवासी हैं। उनका शोध कार्य अवनीन्द्र कुमार जोशी, प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सोमेश्वर (अल्मोड़ा) के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस उपलब्धि पर दिनेश कुमार ने डा. चंद्र सिंह चौहान, प्रो. संजय घिल्डियाल तथा डा. रितेश साह सहित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने खुशी जताई है।

## समाज सेवा से जुड़े लोगों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** देवलचौड़ में मनोज पाठक के नेतृत्व में आयोजित 'गांव के गौरव सम्मान समारोह' में समाज सेवा और गांव के विकास में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

समारोह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, पूर्व सैनिकों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, शिक्षकों, शिवभक्तों और समाजसे. वियों सहित गांव के विकास में सक्रिय योगदान देने वाले लोगों को 'गांव के गौरव' सम्मान-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर मनोज पाठक ने कहा कि गांव की प्रगति उन लोगों के अथक प्रयासों से संभव होती है, जो वर्षों से समाज के बीच रहकर सेवा और विकास का कार्य




कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों का सम्मान समाज के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। वहीं ग्राम प्रधान नेहा पांडे ने क्षेत्र में किए जा रहे सामाजिक कार्यों के लिए मनोज पाठक का आभार जताया और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सम्मान और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में कंचन सनवाल, नंदाबल्लभ जोशी, जगदीश चंद्र बुढलाकोटि, मनोज पेटसाली, नरेंद्र सिंह सावंत, महेंद्र सिंह सावंत, चंदन सिंह बिष्ट, भगवंत सिंह अधिकारी, गोविंद सिंह बोरा और तारा चंद्र खोलिया सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## एसटीएच में आधुनिक तकनीक से सफल हुई कैंसर सर्जरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में अब आधु. निक लैप्रोस्कोपिक तकनीक के माध्यम से जटिल कैंसर सर्जरी सफलतापूर्वक की जा रही हैं, जिससे मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों या निजी अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इसी क्रम में जनरल सर्जरी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. प्रतीक शाक्य एवं उनकी टीम ने रेक्टम कैंसर से पीड़ित 24 वर्षीय युवक का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया। देवलचौड़ निवासी युवक मलद्वार से रक्तस्राव की समस्या से परेशान था। जांच में कैंसर की पुष्टि होने पर डाक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी। डा. प्रतीक शाक्य और उनकी टीम ने आधुनिक लैप्रोस्कोपिक एब्डोमिनो-पेरिनियल रिसेक्शन तकनीक से सफल सर्जरी की। डाक्टरों के अनुसार इस तकनीक में छोटे चीरे लगाए जाते हैं, जिससे दर्द, रक्तस्राव और संक्रमण का खतरा



कम होता है तथा मरीज जल्दी स्वस्थ होता है। डा. शाक्य ने बताया कि अस्पताल में रेक्टम कैंसर के अलावा स्तन कैंसर, कोलन कैंसर, भोजन नली और पेट के कैंसर जैसी जटिल बीमारियों की सर्जरी भी आधुनिक तकनीकों से की जा रही है। इस ऑपरेशन में एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष प्रो. डा. एके सिन्हा, डा. गौरव एवं नर्सिंग स्टाफ का विशेष योगदान रहा। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डा. जीएस तितियाल और चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डा. अरुण जोशी ने पूरी टीम को बधाई दी।

## निरंतर आगे बढ़ते रहें विद्यार्थी: कुलपति

### कृषि समिति द्वारा 'अदम्य' सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**पंतनगर।** कृषि समिति कृषि महाविद्यालय द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह 'अदम्य' का भव्य आयोजन विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक गांधी हाल में बड़े उत्साह, हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. शिवेन्द्र कुमार कश्यप उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डा. सुभाष चंद्र (अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय) डा. विपिन चंद्र ध्यानी (अधिष्ठाता छात्र कल्याण), डा. अलका गोयल (अधिष्ठाता, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय), डा. जेपी जायसवाल (निदेशक संचार), डा. अजीत कपूर




(प्राध्यापक, उद्यान विज्ञान विभाग), डा. केपी रावेरकर (प्राध्यापक, मृदा विज्ञान विभाग) तथा सह-स्टाफ काउंसलर डा. रश्मि पंवार उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों द्वारा ऊर्जा से ओत प्रोत विभिन्न संस्कृति कार्यक्रमों के मंचन को देख कर प्रसन्नता व्यक्त की तथा उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम एक टीम के रूप में कार्य करने का अवसर नहीं प्रदान करते बल्कि नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। इस भव्य समापन समारोह से पूर्व, 3 मई से 16 मई के मध्य अदम्य के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का विस्तृत आयोजन किया गया। कृषि सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न बौद्धिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में अतिथियों ने विद्यार्थियों को निरंतर बेहतर प्रदर्शन करने, अपनी अंतर्निहित प्रतिभा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त, कृषि समिति की विभिन्न उप-समितियों एवं उनके कर्मठ सदस्यों को पूरे वर्ष उनके अद्वितीय समर्पण, उत्कृष्ट कार्यशैली एवं संस्थान के प्रति अमूल्य योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकाली गई कलश यात्रा में महिलाओं ने



जहां उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया, वहीं पुरुषों और बच्चों की सहभागिता से वातावरण पूर्णत: भक्तिमय नजर आया। नगर में मुंशीराम चौराहा के समीप स्थित शिव मन्दिर में 11 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन रविवार, 17 मई से बुधवार, 27 मई तक नित्यप्रति दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक किया जाना सुनिश्चित हुआ है। कथा वाचक पं. राम नरेश शुक्ला श्रृद्धालुजनों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। कथा का समापन, हवन एवं प्रसाद वितरण के साथ गुरूवार 28 मई को प्रात: 10 बजे विधिवत किया जाएगा। आज कथा आरंभ होने से पूर्व गाजे-बाजे के साथ मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें लगभग सात दर्जन महिलाएं कलश धारण किये चल रही थीं। इस दौरान अश्वनी वर्मा, पूनम वर्मा एडवोकेट, वेदांश वर्मा, निर्मित वर्मा, मुकेश शर्मा, दुर्गेश वर्मा, मनीषा शर्मा, सरिता वर्मा, सरिता शर्मा, पूजा अरोरा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नैनीझील की मछलियां मनोरंजन का साधन

## पाबंदी के बावजूद पर्यटक डाल रहे खाद्य पदार्थ, नगर पालिका को सुध नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल की विश्व प्रसिद्ध नैनी झील में पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए छोड़ी गई मछलियां अब पर्यटकों के मनोरंजन का साधन बनती जा रही हैं। झील किनारे पर्यटक खुलेआम ब्रेड डालकर मछलियों को आकर्षित कर रहे हैं और उन्हें पकड़ने तक की कोशिश कर रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कि इस पर रोक लगाने के लिए नगर पालिका की कार्रवाई केवल चेतावनी बोर्ड लगाने तक सीमित दिखाई दे रही है। जानकारी के मुताबिक नैनीझील की आंतरिक सफाई और जैविक संतुलन बनाए रखने के मकसद से विभिन्न प्रजातियों की मछलियां झील में छोड़ी गई हैं। ये मछलियां काई और अन्य जैविक तत्व खाकर झील को स्वच्छ बनाए रखने में मदद करती हैं। इसी कारण झील में मछलियों को बाहरी खाद्य पदार्थ खिलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद पंतपार्क क्षेत्र से ब्रेड खरीदकर पर्यटक झील किनारे मछलियों को खिलाते नजर आ रहे हैं। रविवार को बोट हाउस कलब व जूम लैंड के समीप कई पर्यटक ब्रेड डालकर मछलियों को आकर्षित करते दिखाई दिए। नाव चालकों और स्थानीय लोगों ने कई बार उन्हें मना किया लेकिन पर्यटकों ने चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार ब्रेड और अन्य खाद्य पदार्थ झील में डालने से पानी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है इससे मछलियों के प्राकृतिक व्यवहार में बदलाव आने के साथ झील का पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित हो सकता है। लोगों ने आरोप लगाया कि पालिका की ओर से निगरानी और सख्ती नहीं होने के कारण नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने बताया कि कर्मचारियों को निगरानी के लिए तैनात किया गया है। यदि कोई पर्यटक मछलियों को खाद्य पदार्थ खिलाते पाया गया तो उसके खिलाप चालानी कार्रवाई की जाएगी साथ ही मछलियों के लिए ब्रेड बेचने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## एक जुलाई से खाली होगी सरिताताल झील नया निकासी गेट भी बनेगा: एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल–कालाढूंगी मोटर मार्ग में स्थित सरिताताल झील से उठ रही दुर्गंध और लगातार बिगड़ती स्थिति के बीच प्रशासन ने झील की सफाई को लेकर बड़ा कदम उठाया है। सिंचाई विभाग ने आगामी एक जुलाई से झील को खाली कर व्यापक सफाई अभियान शुरू करने की तैयारी कर ली है इसके साथ ही झील का क्षतिग्रस्त निकासी गेट भी बदला जाएगा, जिसके लिए नया गेट तैयार कराया जा रहा है। बता दें शनिवार को एसडीएम नवाजिश खलिक ने सरिताताल पहुंचकर झील का निरीक्षण किया था। इस दौरान झील में फैले सड़े शैवाल और दुर्गंध को लेकर उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अब मामले में सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता ललित मोहन कश्यप ने बताया कि आगामी एक जुलाई से झील का पानी निकालकर सफाई कार्य शुरू किया जाएगा। झील में जमा शैवाल, गाद और अन्य गंदगी को हटाकर पानी की गुणवत्ता सुधारने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि झील का पुराना और क्षतिग्रस्त निकासी गेट भी बदलने के लिए नया गेट तैयार कराया जा रहा है, ताकि भविष्य में जल निकासी और सफाई व्यवस्था बेहतर तरीके से संचालित हो सके।

## सेंट्रल जेल सितारगंज में बंद सजायाफ्ता कैदी ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**हल्द्वानी।** सेंट्रल जेल सितारगंज में बंद एक सजायाफ्ता कैदी की उपचार के दौरान सुशीला तिवारी चिकित्सालय में मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सहजपुर, देहरादून निवासी 36 वर्षीय महताब दुष्कर्म के मामले में सजा काट रहा था और पिछले कई वर्षों से सितारगंज जेल में बंद था। बताया जा रहा कि बीती 9 मई को उसे पेट दर्द हुआ जिसे जेल प्रशासन द्वारा सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान महताब ने बीते शनिवार की रात दम तोड़ दिया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार कैदी के पेट में पानी भरने की समस्या बताई जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया।

## युवक की उपचार के दौरान मौत

**हल्द्वानी।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में पहले ही मुकदमा दर्ज कर चुकी है और अब घटना के बाद से फरार कार चालक की तलाश तेज कर दी गई है। जानकारी के अनुसार हरिपुर कुंवर सिंह आनंदपुर निवासी 32 वर्षीय अजय सिंह बीती 4 मई को नैनीताल मोटर्स क्षेत्र से पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार टैक्सी नंबर की कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद से अजय कोमा में थे। शनिवार की रात उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## लक्ष्मण सिंह ऐठानी का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** डे–केयर संस्था की बैठक पं. गोविंद बल्लभ पंत संग्रहालय सभागार में सम्मान समारोह के रूप में आयोजित हुई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स मीट में दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर उत्तराखंड और अल्मोड़ा का नाम रोशन करने वाले वरिष्ठ सदस्य लक्ष्मण सिंह ऐठानी को सम्मानित किया गया। संस्था के सदस्यों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और माल्यार्पण कर सम्मान जताया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 92 वर्ष की आयु में भी लक्ष्मण सिंह ऐठानी का स्वास्थ्य और खेलों के प्रति समर्पण युवाओं व वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रेरणास्रोत है। संस्था के अध्यक्ष हेमचन्द्र जोशी ने कहा कि ऐठानी संस्था की शान हैं। कार्यक्रम में किशोर चन्द्र जोशी, आनन्द सिंह बगडवाल, डा. अरुण पंत, डा. गोकुल सिंह रावत समेत कई सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। बैठक की अध्यक्षता हेमचन्द्र जोशी और संचालन एमसी कांडपाल ने किया।

# फिर से आंदोलन की तैयारी में शिक्षक

## उत्तराखंड कार्मिक एकता मंच ने सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बेसिक संवर्ग से एलटी संवर्ग में समायोजित शिक्षकों को चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान का लाभ नहीं मिलने पर उत्तराखंड कार्मिक एकता मंच ने सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई है। मंच ने आरोप लगाया कि शासन के ढुलमुल रवैये के चलते हजारों शिक्षक वर्षों से आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं। वहीं प्रभावित शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री के कुमाऊं दौरे के दौरान उन्हें ज्ञापन देने की तैयारी कर ली है। कार्मिक एकता मंच के अध्यक्ष रमेश चंद्र पांडे ने कहा कि वर्ष 2006 की सेवा नियमावली में 'समायोजन' शब्द का प्रावधान था और वर्ष 2009 से 2012 तक विभाग समायोजित शिक्षकों को चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान का लाभ देता रहा। आरोप लगाया कि वर्ष 2014 में नियमावली में बदलाव कर समायोजन की जगह पदोन्नत शब्द जोड़ दिया गया, जिसके बाद यह लाभ बंद कर दिया गया, जबकि शिक्षकों के पद, कार्य और वेतन में कोई बदलाव नहीं हुआ। मंच का आरोप है कि शासन समायोजित और पदोन्नत शब्दों की आड़ में शिक्षकों की पूर्व सेवा जोड़ने से बच रहा है। मंच ने आरोप लगाया कि वित्त विभाग यह कहकर आपत्ति जता रहा है कि दोनों संवर्ग अलग है, जबकि पूर्व में जारी शासनादेशों में सेवा जोड़ने का प्रावधान स्पष्ट रूप से किया गया था। शिक्षकों का कहना है कि यदि वे जूनियर हाईस्कूल में ही रहते तो उन्हें स्वत: यह लाभ मिल जाता, लेकिन एलटी संवर्ग में समायोजन के बाद उनका वेतनमान रोक दिया गया। राजकीय एलटी समायोजित पदोन्नत शिक्षक संघर्ष मंच के अध्यक्ष दिगंबर फुलोरिया और महासचिव सुजान बुटोला ने चेतावनी दी कि यदि जल्द नियमावली में संशोधन कर वर्ष 2009 से एरियर सहित चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान का शासनादेश जारी नहीं किया गया तो जून में निदेशालय में फिर से धरना–प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 और 19 मई को शिक्षा मंत्री के कुमाऊं दौरे के दौरान प्रभावित शिक्षक उन्हें ज्ञापन सौंपेंगे।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों का चढ़ा पारा

## तिकोनिया बुद्ध पार्क में ज़ोरदार प्रदर्शन कर फूंका केन्द्र सरकार का पुतला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** पेट्रोल एवं डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों तथा महंगाई के विरोध में रविवार को महानगर कांग्रेस कमेटी के दर्जनों पदाधिकारियों ने महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट के नेतृत्व में तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाकर आम जनता की कमर तोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर परिवहन, खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुओं पर पड़ रहा है, जिससे गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव समाप्त होते ही पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाकर भाजपा ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसे आम जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। देश का आम नागरिक महंगाई से त्रस्त है, युवा बेरोजगारी से जूझ रहा है और किसान परेशान है, जबकि भाजपा सरकार कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर सड़कों पर संघर्ष जारी रखेगी और जनविरोधी नीतियों का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। पुतला दहन करने वालों में मलय बिष्ट, राजू सुयाल, इं. सुमित कुमार, हेमन्त साहू, हेम पांडे, मोहन बिष्ट, जाकिर हुसैन, डा. मयंक भट्ट, मुकुल बल्यूटिया, विनोद कुमार, निर्मला जोशी, विमला सांगुड़ी, राधा आर्य, जूही चुफाल, रेनू तोमर, हेमा देवी, स्वाति जोशी, पुष्पा देवी, गोविंद बगड़वाल, नवीन सांगुड़ी, गिरीश पांडे, संजू उप्रेती, सूरज प्रकाश, दिवेश तिवारी, बबलू बिष्ट, त्रिलोक बनोली, लाल सिंह पवार, कुंदन बिष्ट, कानू बिष्ट, हिमांशु जोशी, भानु कबड़वाल, गिरीश तिवारी, भुवन तिवारी, ठाकुर चंद्र मोहन सिंह, राजा रवि पांडे, मनोज टम्टा, उदित करायत, कैलाश साह, ज्ञान सिंह थापा, गोविंद बिष्ट, राज कुमार, हेमन्त पंत, राजू बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## नन्ही योगिनी हर्षिका बनीं अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ की ब्रांड एंबेसडर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जस गोविन पब्लिक स्कूल, हल्द्वानी की छात्रा हर्षिका रिखाड़ी को अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ का ब्रांड एंबेसडर (किड्स) नियुक्त किया गया है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष योग गुरु मंगेश त्रिवेदी ने हर्षिका को



योग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन, प्रतिभा और बाल योग के प्रति समर्पण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। बता दें कि हर्षिका रिखाड़ी ने मात्र 9 वर्ष की उम्र में योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने अब तक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर लगभग 50 पदक अपने नाम किए हैं, जिनमें 25 स्वर्ण पदक शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर दो बार योग रत्न अवार्ड, मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया प्राउड बुक ऑफ रिकॉर्ड, भारत के 21 सबसे प्रेरणादायक योगी सम्मान, तथा योगासन खेल रत्न अवार्ड जैसे कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किए हैं। इतनी कम उम्र में इस उपलब्धि पर हर्षिका के परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है। उनके पिता भुवन रिखाड़ी, माता मोनिका रिखाड़ी, कोच नीरज धपोला एवं गीता धपोला सहित स्कूल प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जगदीश शिला डोली रथ यात्रा का भव्य स्वागत

## सत्यनारायण मंदिर और लामाचौड़ में लोगों ने की पुष्पवर्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी की अगुवाई में हल्द्वानी पहुंची जगदीश शिला डोली रथ यात्रा का रविवार को हल्द्वानी स्थित सत्यनारायण मंदिर में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर डोली का अभिनंदन किया। मंदिर परिसर भजन–कीर्तन और जयघोषों से भक्तिमय वातावरण में बदल गया। इस अवसर पर मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि बिशन पर्वत से प्रारंभ हुई यह पवित्र यात्रा पूरे प्रदेश का भ्रमण कर दशहरा पर्व पर संपन्न होगी। उन्होंने इसे सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। साथ ही उन्होंने श्रद्धालुओं से भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात करने की अपील की। इसके बाद सत्यनारायण मंदिर से डोली यात्रा मां नंदी वेंकट हॉल, लामाचौड़ पहुंची, जहां प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता और विकास गुणवंत के नेतृत्व में व्यापारियों ने बाबा विश्वनाथ और मां जगदीश शिला रथ यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान केदार पलड़िया, विकास गुणवंत, वीरेंद्र गुप्ता, घनश्याम राठौर, हुकुम सिंह कुंवर, महेंद्र सिंह, लवी चिलवाल, मुनेश अग्रवाल, राजू आनंद, शेर सिंह लटवाल, महेश पलड़िया, कैलाश साह, मयंक भट्ट, किरण डालाकोटी, संध्या डालाकोटी, विमला सांगुड़ी, भागीरथी बिष्ट, सतीश नैनवाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।

## राजस्व विभाग का सघन अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशानुसार नैनीताल में राजस्व विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आमजन से जुड़े राजस्व विवादों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण किया जा रहा है। राजस्व परिवर्तन समिति की संकलित रिपोर्ट के अनुसार 14 अक्टूबर 2025 से 16 मई 2026 तक कुल 3554 राजस्व प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 3421 मामलों का सफल निस्तारण कर विभाग ने 96.25 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। वर्तमान में केवल 133 प्रकरण लंबित हैं, जिन पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई जारी है। अभियान के तहत सबसे अधिक पैमाईश से जुड़े 1753 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 1640 मामलों का निस्तारण किया गया। वहीं अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण से संबंधित 552 प्रकरणों में से 449 मामलों में कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। मेड़ एवं सीमा विवादों के 458 मामलों में से 454 प्रकरणों का समाधान किया गया। इसके अलावा सार्वजनिक संपत्तियों, नहरों, सार्वजनिक रास्तों एवं सिंचाई गूल पर अतिक्रमण से जुड़े 132 मामलों में से 126 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग द्वारा नाम संशोधन एवं अन्य श्रेणी के कुल 598 मामलों का भी समाधान किया गया। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि सभी तहसीलों को जनता की राजस्व समस्याओं का मौके पर ही समाधान करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मार्ग निर्माण में बाधा, अवैध अतिक्रमण, पैमाईश और कुर्रा नक्शों जैसे मामलों में राजस्व टीमों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि शेष 133 लंबित मामलों का भी शीघ्र निस्तारण कर दिया जाएगा तथा राजस्व विभाग आगे भी इसी तत्परता के साथ जनसमस्याओं के समाधान के लिए कार्य करता रहेगा।

# बिना पंजीकरण होम स्टे पर सख्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में रविवार को उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने शहर क्षेत्र में संचालित होम स्टे इकाइयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान काठगोदाम क्षेत्र स्थित आनंदम होम स्टे, कुमाऊं द्वार होम स्टे एवं बिष्ट जी होम स्टे की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जांच के दौरान आनंदम होम स्टे एवं बिष्ट जी होम स्टे बिना वैध पंजीकरण के संचालित होते पाए गए। उपजिलाधिकारी ने होम स्टे में सफाई व्यवस्था, आगंतुक पंजीकरण रजिस्टर, अभिलेखों तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित संचालकों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करते हुए नियमानुसार पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि वैध पंजीकरण होने तक संबंधित होम स्टे का संचालन नहीं किया जाएगा। साथ ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में बिना पंजीकरण संचालन करते पाए जाने पर संबंधित होम स्टे को सील कर दिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान कुछ होम स्टे मौके पर बंद अवस्था में पाए गए, जबकि कुछ संचालक उपस्थित नहीं मिले। एसडीएम प्रमोद कुमार ने कहा कि शहर में बिना पंजीकरण संचालित हो रहे होम स्टे और अन्य पर्यटन इकाइयों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आर्य समाज मंदिर में वेद प्रचार सत्संग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आर्य समाज मंदिर हल्द्वानी के प्रांगण में रविवार को साप्ताहिक विशेष सत्संग एवं वेद प्रचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध विद्वान वक्ता डा. विनय विद्यालंकार मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। सत्संग



को संबोधित करते हुए डा. विद्यालंकार ने वेदान्त एवं उपनिषदों के प्रसिद्ध महावाक्य तत्वमसि (तत् त्वंम असि–वह तू है) पर सरल एवं व्यावहारिक शैली में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मन अत्यंत चंचल है, जो क्षणभर में अनेक दिशाओं में भटक जाता है। इस मन को एकाग्र करने का सबसे प्रभावी साधन प्राणायाम है। महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा बताए गए प्राणायाम के अभ्यास रेचक, पूरक, बाह्य कुंभक, आभ्यंतर कुंभक एवं स्तंभ वृत्ति के माध्यम से मन को स्थिर किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वास्तविक स्वास्थ्य केवल शारीरिक रोगों से मुक्ति नहीं, बल्कि आत्मा, मन और इंद्रियों की प्रसन्नता और संतुलन है। कार्यक्रम के समापन पर आर्य समाज के नियमों के अनुसार समाज सेवा, राष्ट्र रक्षा, पर्यावरण एवं गौ–संरक्षण का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम में आर्य समाज हल्द्वानी की प्रबंध समिति के पदाधिकारी, शिक्षाविद, मातृशक्ति तथा बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों का बैटरी टेस्ट सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** रविवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम हल्द्वानी में जिला क्रीड़ा अधिकारी डा. निर्मला पंत के नेतृत्व में 2026–27 के क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर के लिए खिलाड़ियों का शारीरिक दक्षता बैटरी टेस्ट आयोजित किया गया।

इस दौरान जिला खेल विभाग द्वारा आयोजित चयन प्रक्रिया में 10 से 16 वर्ष आयु वर्ग के कुल 93 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 91 खिलाड़ियों ने बैटरी टेस्ट में प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों के चयन के लिए 100 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, ब्रॉड जंप, शटल रन, मेडिसिन बॉल थ्रो एवं फॉरवर्ड रीच बेंड सहित विभिन्न शारीरिक दक्षता परीक्षण कराए गए। चयन खेल विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर किया जाएगा।

बैटरी टेस्ट चयन प्रक्रिया वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं क्वालिफाइड डिप्लोमा होल्डर प्रशिक्षकों श्याम मनु भट्ट, महेश बिष्ट, गोविंद लटवाल की देखरेख में सम्पन्न हुई। जिला क्रीड़ा अधिकारी डा. निर्मला पंत ने बताया कि बैटरी टेस्ट में चयनित खिलाड़ियों की घोषणा कल यानि आज सोमवार को सायं 5 बजे की जाएगी। इसके बाद 19 मई से प्रतिदिन सायं 4 बजे से चयनित खिलाड़ियों को क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को जिला क्रीड़ा अधिकारी के दिशा–निर्देशन में क्रिकेट कोच त्रिलोक सिंह जीना द्वारा नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# चन्दन हॉस्पिटल को मिली पांच हेल्थकेयर मान्यताएं

## अस्पताल की यह उपलब्धि स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर: डा. परवेज़ अहमद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** चन्दन हॉस्पिटल हल्द्वानी ने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों की सुरक्षा, नैतिक चिकित्सा पद्धतियों और स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए पाँच प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय हेल्थकेयर मान्यताएँ एवं प्रमाणन प्राप्त किए हैं। अस्पताल की इस उपलब्धि को स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। यह बात चन्दन हॉस्पिटल के सीईओ डा. परवेज अहमद ने कहीं। नैनीताल रोड़ एक होटल में पत्रकार वार्ता करते हुए चन्दन हॉस्पिटल के सीईओ डा. परवेज अहमद ने कहा कि पाँच राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय हेल्थकेयर मान्यताओं की प्राप्ति पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि उत्तराखंड एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित, नैतिक, किफायती और एविडेंस–बेस्ड स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के अस्पताल के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अस्पताल भविष्य में भी मरीजों की सर्वोत्तम देखभाल और हेल्थकेयर उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने बताया हेल्थकेयर मान्यता का सबसे बड़ा लाभ मरीजों को मिलता है। मान्यता प्राप्त संस्थानों में प्रशिक्षित एवं प्रमाणित विशेषज्ञों द्वारा पारदर्शी और वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धतियों के अनुसार उपचार उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करते हुए मरीजों के अधिकारों, सम्मान और संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। इस उपलब्धि के लिए अस्पताल प्रबंधन ने क्वालिटी विभाग, संक्रमण नियंत्रण टीम, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, तकनीशियनों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं सहयोगी कर्मचारियों के समर्पण और टीमवर्क की सराहना की। चन्दन हॉस्पिटल निरंतर आधुनिक चिकित्सा तकनीक, अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सकों, अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर, क्रिटिकल केयर सेवाओं और मरीज–केंद्रित स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से अपनी सेवाओं को और सुदृढ़ कर रहा है। पत्रकार वार्ता में मेडिकल डायरेक्टर डा. नितीश कुमार, कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजी और डायलिसिस डा. अदिति सेन रहीं।

## राज्य आंदोलनकारियों ने हाउस टैक्स माफी के लिए सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य आंदोलनकारियों के हाउस टैक्स माफ किए जाने की मांग को लेकर रविवार को राज्य आंदोलनकारी मंच के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के



नेतृत्व में दर्जनों आंदोलनकारियों ने कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा के आवास पहुंचकर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। राज्य आंदोलनकारियों द्वारा शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा को सौंपे गए ज्ञापन में राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा राज्य आंदोलनकारियों का हाउस टैक्स माफ किए जाने की घोषणा पूर्व में की जा चुकी है, लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं हो पाया है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सरकार शीघ्र इस घोषणा को लागू करे ताकि राज्य आंदोलनकारियों को राहत मिल सके। आंदोलनकारियों की समस्याओं पर कैबिनेट मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह जल्द ही मुख्यमंत्री से इस विषय पर मुलाकात कर हाउस टैक्स माफी को लेकर सकारात्मक विचार–विमर्श करेंगे। ज्ञापन देने वालों में कमल मेहरा, किशोर बल्यूटिया आदि मौजूद रहे।

## बुजुर्ग की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन फानन में बुजुर्ग को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार वार्ड–24 बुधबाजार निवासी 64 वर्षीय अजीज ने बीते शनिवार को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा आनन फानन में उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। प्राथमिक जांच में घटना के पीछे पारिवारिक विवाद की बात सामने आ रही है। बनभूलपुरा कोतवाल दिनेश फर्त्याल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946–250286

मुख्यालय:
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

**भाजपा सरकार का फूंका पुतला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** देश में लगातार बढ़ रही महंगाई को लेकर टनकपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा शनिवार को सड़कों पर दिखाई दिया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल एवं नगर अध्यक्ष श्याम कुमार के नेतृत्व में भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए आम जनता को राहत देने की मांग उठाई।



कांग्रेस कार्यकर्ता राजाराम चौराहे पर एकत्रित हुए, जहां से उन्होंने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर चड्ढा चौराहे तक जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने "महंगाई कम करो", "जनता को राहत दो" और "भाजपा सरकार होश में आओ" जैसे नारे लगाकर विरोध जताया। पूरे बाजार क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज आम आदमी का घर चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेल, दालें और अन्य जरूरी वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। नगर अध्यक्ष श्याम कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता से किए गए वादों को पूरा नहीं किया।

उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, व्यापारियों की स्थिति खराब होती जा रही है और महंगाई ने हर वर्ग की कमर तोड़ दी है। उन्होंने सरकार से तत्काल राहत पैकेज और आवश्यक वस्तुओं के दाम नियंत्रित करने की मांग की।

चड्ढा चौराहे पर पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का पुतला दहन किया और जोरदार नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि महंगाई पर जल्द नियंत्रण नहीं किया गया तो कांग्रेस आने वाले समय में और बड़ा आंदोलन करेगी।

इस दौरान डॉ. विनोद जोशी, सूरज मिश्रा, पवन सिंह, राहुल कुमार, विनोद बड़ेला, आदिल शाहवेज, सौरभ गिरी, अमन रावत, आसिफ, अयान, इरशाद, अदनान समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेट्रोल-डीजल महंगाई पर कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये की बढ़ोतरी को लेकर जनपद चम्पावत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा खुलकर सड़कों पर दिखाई दिया। जिला कांग्रेस कमेटी चम्पावत के नेतृत्व में स्टेशन बाजार स्थित मोटर स्टेशन परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए महंगाई को लेकर भाजपा पर सीधा हमला बोला। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष चिराग फर्त्याल, दिग्विजय कार्की, नगर अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष उमेश शर्मा ने किया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में आई है, तब से आम आदमी की कमर महंगाई ने तोड़ दी है। पेट्रोल-डीजल, बिजली, रसोई गैस से लेकर खाद्य पदार्थों तक हर चीज के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि सरकार जनता को राहत देने के बजाय केवल भाषणों और विज्ञापनों में व्यस्त है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चिराग फर्त्याल ने कहा कि आज हालात इतने खराब हो चुके हैं कि सोने की कीमतें दो लाख रुपये के पार पहुंच गई हैं, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार अपने बच्चों की शादी तक सम्मानपूर्वक नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डीजल-पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर परिवहन, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों पर पड़ता है, जिससे महंगाई और भयावह हो जाती है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला और स्टेशन बाजार क्षेत्र काफी देर तक राजनीतिक नारों से गूंजता रहा।



# खटीमा के मुक्केबाज पोखरिया का कॉमनवेल्थ गेम्स में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** खटीमा के महतगांव निवासी भारतीय सेना के जांबाज मुक्केबाज कपिल पोखरिया के भारतीय बॉक्सिंग टीम में चयन होने पर चकरपुर स्थित स्टेडियम में जश्न का माहौल है। स्टेडियम में इस खुशी में मिठाइयां बांटी गयी। लोगों ने खेल प्रेमियों आम जनता के प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जाता है। कपिल पोखरिया आगामी कॉमनवेल्थ गेम्स (ग्लास्गो स्कॉटलैंड) और एशियाई गेम्स (जापान) के लिए भारतीय राष्ट्रीय बॉक्सिंग टीम में चयन हो गया है। 38 वें नेशनल गेम्स में उत्तराखंड का मिला पहला गोल्ड सेना के हवलदार कपिल ने इतिहास रचा। पटियाला के नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएनआईएस) में आयोजित कड़े नेशनल सिलेक्शन ट्रायल के अंतिम दिन कपिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 किलो भार में भारतीय टीम का टिकट हासिल किया। चकरपुर स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह में कपिल पोखरिया की इस ऐतिहासिक सफलता का खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रशिक्षण रेखा पांडे, एथेनाटिक्स प्रशिक्षक गोविन्द सिंह, मलखान प्रशिक्षक रमेश ओली, पूरन बोरा, आर्मी कोच हरिकिशन बिलवाल, दिलीप पुरी, खीमानंद बेलवाल, दुर्योधन नेगी आदि ने खुशी जताई।

# वंचित आंदोलनकारियों को जल्द दिया जाए राज्य आंदोलनकारी का दर्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड क्रांति दल के आवाहन पर डीडीहाट विधानसभा क्षेत्र के वंचित राज्य आंदोलनकारियों की एक बैठक एक रेस्टोरेंट में वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी गोविंद लाल शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसका संचालन राज्य आंदोलनकारी गोविंद सिंह रावत लिट्टे द्वारा किया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरु रानी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा वंचित राज्य आंदोलनकारियों की सूची जारी की गई, लेकिन उसमें जिन आंदोलनकारियों ने 2017 से 2021 तक अपने आवेदन जमा किए थे उनका नाम उस सूची में शामिल नहीं है। पहले तो उनका नाम सूची में शामिल किया जाए। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की की वंचित राज्य आंदोलनकारियों को राज्य आंदोलनकारी का दर्जा देने के लिए शीघ्र ही जनपद में चिन्हीकरण समिति का गठन करते हुए पूर्व की भांति चयन प्रक्रिया अपनाते हुए आंदोलनकारी घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य बनने से पूर्व डीडीहाट विधानसभा की जनता ने राज्य की लड़ाई लड़ने वाले उत्तराखंड क्रांति दल के प्रत्याशी को विधानसभा पहुंचाया।

उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि डीडीहाट विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक घर से एक एक व्यक्ति को राज्य आंदोलनकारी घोषित किया जाए। गोविंद सिंह रावत ने कहा कि अब डीडीहाट विधानसभा क्षेत्र के वंचित राज्य आंदोलनकारी व राज्य आंदोलनका. रियो का उत्तराखंड क्रांति दल के नेतृत्व में22 मई को डीडीहाट में एक जुलूस निकाला जाएगा। जिसमें उप जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। दिनेश गुरु रानी ने पौधारोपण अभियान के 671 वेदिन पौधारोपण के साथ शपथ दिलाई।

बैठक में आंदोलनकारी महिपाल सिंह कफलिया, सुभाष जोशी, राजेंद्र देउपा, अघोषित राज्य आंदोलनकारी नवीन कफलिया, सुनील शाह, विपिन जोशी, रतन गिरी गोस्वामी, शेर सिंह शाही, दीप चंद्र जोशी, पप्पू खोलिया, भगवान सिंह अलमिया, डॉक्टर लोकेश डसीला,, टिकेंद्र रावल, त्रिलोकराम, बलवंत सिंह चुफाल, रमेश सिंह रौतेला शेखर चंद, धरम सिंह, मानसिंह उपस्थित रहे।

# मिशन 2027 की तैयारी में जुटी भाजपा

**पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू भुड्डी के आवास पर नव नियुक्त पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने मिशन 2027 को लेकर संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा गदरपुर मंडल के विभिन्न मोर्चों के नव नियुक्त पदाधिकारियों के स्वागत एवं परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला मोर्चा की कुमाऊं संयोजक एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू भुड्डी के आवास पर हुआ, जहां महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, किसान मोर्चा और पिछड़ा मोर्चा के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया गया।



कार्यक्रम में सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को पटका एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंजू भुड्डी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को अभी से मिशन 2027 की तैयारियों में पूरी ताकत के साथ जुट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना होगा और सभी पदाधिकारियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। यहां किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नरेश हुड़िया, कविता नेगी, पूनम ग्रोवर, लक्ष्मी चौहान, स्वीटी चावला, मानसी शर्मा, रेनू बिष्ट, सिल्की खेड़ा, चकित हुड़िया, अजय बटला, अभिषेक वर्मा, रोहित सुदामा, तनुज मल्होत्रा, कविंद्र सैनी, राजकुमारी, शशि प्रजापति, बबली शर्मा, सुदेश परथी, सुमन मुंजाल, सौरव सैनी, गिंदी पांडे, वीरू सैनी, रवि कश्यप, अभिषेक गाबा, रोहित चंद्र, सौम्या विनायक, पूनम प्रसाद, सीमा अरोड़ा, पुष्पा गुप्ता, सपना ढींगरा, नीतू सागर, अंजू प्रजापति, प्रियंका चंद्र, ऋतुल वर्मा, अरविंद सैनी, महेश सैनी और जसवंत कश्यप सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आदि कैलाश-ओम पर्वत यात्रा मार्ग पर परिवहन विभाग का सघन प्रवर्तन अभियान

**बिना फिटनेस एवं वैध अभिलेखों के संचालित वाहन सीज, 32 वाहनों पर कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पिथौरागढ़।** आदि कैलाश- ओम पर्वत यात्रा के दौरान यात्रियों की सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु परिवहन विभाग द्वारा रविवार को धारचूला-गूंजी यात्रा मार्ग पर व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया गया। एआरटीओ प्रवर्तन शिवांश कांडपाल के नेतृत्व में प्रवर्तन दल प्रात:काल से ही विभिन्न संवे. दनशील स्थलों पर तैनात रहा तथा यात्रा मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की सघन जांच की गई।

अभियान के दौरान कुल 80 से अधिक वाहनों की जांच की गई, जिनमें 12 प्राइवेट वाहनों की भी जांच शामिल रही। जांच के दौरान विभिन्न नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर 32 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई, जबकि 6 वाहनों के आरसी एवं परमिट जब्त किए गए। चेकिंग के दौरान 3 ऐसे वाहन पाए गए जिनके फिटनेस प्रमाणपत्र सहित अन्य आवश्यक अभिलेख समाप्त हो चुके थे, बावजूद इसके वे गुजरात एवं कोलकाता से आए यात्रियों को लेकर आदि कैलाश- ओम पर्वत यात्रा पर जा रहे थे। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रवर्तन टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहनों को कब्जे में लिया गया। दो वाहन बिना हिल एंडोर्सड ड्राइविंग लाइसेंस के चल रहे थे, जिन्हें वापस लौटाया गया और 12 प्राइवेट वाहनों की जांच की गई जिसमें किसी भी प्राइवेट वाहन का व्यावसायिक प्रयोग होता नहीं पाया गया। एआरटीओ प्रवर्तन शिवांश कांडपाल ने कहा कि इस वर्ष आदि कैलाश-ओम पर्वत यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं तथा यात्रियों की सुरक्षा परिवहन विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि यात्रा अवधि के दौरान इस प्रकार के सघन प्रवर्तन एवं जांच अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में लगातार की जा रही बढ़ोत्तरी के विरोध में आज बाजपुर कांग्रेस कमेटी ने बाजपुर बेरिया तिराह भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। कांग्रेसजनों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कहा कि भाजपा सरकार लगातार महंगाई बढ़ाकर आम जनता की कमर तोड़ने का काम कर रही है। पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि का सीधा असर आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी पर पड़ रहा है। परिवहन, खाद्य सामग्री एवं आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। कांग्रेसजनों ने एक स्वर में केंद्र सरकार से पेट्रोल एवं डीजल की बढ़ी हुई कीमतें तत्काल वापस लेने की मांग की। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, नगर अध्यक्ष सत्यवान गर्ग, हरभजन सिंह, पूरन बिष्ट, भूपेंद्र कौर बेदी, देश कश्यप, साजिद हुसैन, चमन सिंह, अनुराग गर्ग, पंचम सिंह, नितिन बिष्ट, सुखवंत सिंह, भगवान सिंह, प्रमोद जोशी, योगराज सैनी, सोनू बाबू सिंह, आदित्य, अजयदीप, पूर्णिमा देवी, गुरु प्रताप काका, युसूफ, प्रदीप यादव, मुन्नू सिंह, जसपाल सिंह, मंगल सिंह, रघुवीर सिंह, प्रेम सिंह, अब्दुल हसन, मुस्तफा आदि उपस्थित रहे।

# राज्य निर्माण सेनानी संगठन ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संगठन के एक शिष्ट मंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रविवार को मुलाकात किया तथा उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों के हितों में अब तक किए गए कार्यों हेतु मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया इसके साथ ही उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों की लंबित मांगों से संबंधित एक आठ सूत्रीय मांग पत्र भी मुख्यमंत्री को सौंपा।

मांग पत्र में समस्त चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों को 20000 मासिक पेंशन दिए जाने, उनके दो बच्चों को प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक नि:शुल्क शिक्षा दिए जाने, राज्य आंदोलनकारी शब्द हटाकर उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी किए जाने, प्रत्येक राज्य निर्माण सेनानी एवं उनके परिवार को प्रतिवर्ष 10 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा नि:शुल्क दिए जाने, प्रत्येक राज्य निर्माण सेनानी को सामान्य एवं आकस्मिक निधन पर 20 लाख रुपए का नि:शुल्क बीमा सुनिश्चित किए जाने, जो राज्य निर्माण सेनानी पेंशन से वंचित किए गए हैं जैसे पूर्व सैनिक व अन्य स्रोतों से सरकारी पेंशन लेने वालों को भी राज्य निर्माण सेनानी पेंशन पुन: उपलब्ध कराने, दोहरी पेंशन के संबंध में जारी रिकवरी आदेश को तुरंत निरस्त किए जाने, वंचित राज्य निर्माण सेनानियों का शीघ्र चिन्हिकरण कर परिचय पत्र एवं प्रमाण पत्र जारी किए जाने तथा राज्य निर्माण सेनानियों के लिए उत्तराखंड में स्थित समस्त टोल प्लाजा को टोल मुक्त किए जाने आदि मांगों का उल्लेख किया गया है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उक्त मांगों के संबंध में शीघ्र ही सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। शिष्ट मंडल में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश तिवारी, प्रदेश महासचिव आलोक गोयल, मोहन चंद, पूरन धामी, प्रकाश आर्य आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने 09.54 ग्राम स्मैक हेरोइन के साथ नशा तस्कर पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में लाखों रुपये कीमत की मादक पदार्थ के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है।

रविवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक ने जानकारी देते हुए बताया की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति जनपद के निर्देशन में अवैध नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौराने कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को 09.54 ग्राम स्मैक / हेरोइन, के साथ में गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुरदेव सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी सुनखरी नानकमत्ता बताया है।आरोपी के विरुद्ध धारा 8/21 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया ।पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय पाठक , उप निरीक्षक संजय कुमार, राजेन्द्र पंत, मुख्य आरक्षी भूपाल चन्द, सिपाही दिनेश चन्द्र, मो. इमरान शामिल हैं।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत तीन युवकों को शांति भंग में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के अंतर्गत कोतवाली बाजपुर पुलिस ने तीन युवकों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक काशीपुर एवं क्षेत्राधिकारी बाजपुर के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बाजपुर के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार आदित्य कुमार निवासी पहाड़ी कॉलोनी, प्रशांत भट्ट निवासी टीचर्स कॉलोनी तथा संजीत सिंह निवासी गुरुगांव विक्रमपुर को धारा 126/135/170 बीएनएसएस के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय परगना मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जा रहा है। देर रात्रि भगत सिंह चौक पर वाहन हटाने को लेकर दो पक्षों में हुई थी मारपीट। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक प्रहलाद सिंह, उप निरीक्षक देवेंद्र मनराल एवं कांस्टेबल हरीश जोशी शामिल रहे।

# रामनगर छोई में 22 मई को होगा विशाल भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रामनगर छोई स्थित मनीराम बाबा मंदिर परिसर में 22 मई को आयोजित होने वाले विशाल भंडारे की तैयारियों को लेकर समिति पदाधिकारियों एवं क्षेत्र के सम्मानित लोगों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई।बैठक में समिति अध्यक्ष भान सिंह, सचिव जीत सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जीत सिंह, जंगल प्रधान, विनोद सिंह, सुरेंद्र खम्वारी, पच्चू सिंह, जिला पंचायत सदस्य भिकम्यूरी पत्यानी, सूरज सिंह, गोर्वधन सिंह, आनंद सिंह, सिकंदर सिंह, वीरपुर निवासी शेर सिंह, कनाले बन्नाखेड़ा निवासी मुन्ना सिंह, भुड़ी निवासी भगत सिंह, समिति अध्यक्ष राम अवतार, राजू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## तीन वाहनों की भिड़ंत, टेंपो चालक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रविवार सुबह मुंडिया तिराहे के पास थ्री व्हीलर टेंपो, कार और छोटा हाथी वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में टेंपो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को 108 एंबुलेंस के जरिए बाजपुर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## एक नजर

# टनकपुर में खेल क्रांति की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**टनकपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर टनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेल गतिविधियों को नई रफ्तार मिल गई है। युवाओं की मांग पर विभिन्न खेलों के लिए प्रशिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है, जिससे अब स्थानीय खिलाड़ियों को अपने ही क्षेत्र में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिल सकेगा। 18 मई से नियमित प्रशिक्षण शिविर शुरू होंगे।

**खिलाड़ियों को मिलेगा प्रोफेशनल प्रशिक्षण का सुनहरा मौका**

जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशन में गठित चयन समिति द्वारा महेश सिंह चुफाल को हैंडबॉल, सुभाष चन्द पाण्डेय को बास्केटबॉल, राजेन्द्र सिंह को सेपक टाकरा तथा प्रकाश सिंह को हॉकी प्रशिक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी प्रशिक्षकों की नियुक्ति 15 मार्च 2027 तक के लिए की गई है।

जिला क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह बिष्ट ने बताया कि खिलाड़ियों को प्रतिदिन सुबह और शाम दोनों सत्रों में आधुनिक तकनीकों के साथ प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे खिलाड़ियों की फिटनेस, तकनीकी दक्षता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में बड़ा सुधार होगा तथा वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकेंगे।

# सहकारी समिति चुनाव में रजनी बजाज बनीं निर्विरोध संचालक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** सहकारी क्रय-विक्रय समिति गदरपुर के चुनाव में बड़ाखेड़ा क्षेत्र से रजनी बजाज पत्नी धर्मपाल बजाज को निर्विरोध संचालक चुना गया है। उनके निर्विरोध चयन की खबर मिलते ही समर्थकों और स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल बन गया। जगह-जगह उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और मिठाई बांटकर खुशी व्यक्त की गई।



क्षेत्र के लोगों ने इसे आपसी सौहार्द और भरोसे की जीत बताया है। व्यापारियों, किसानों और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों का कहना है कि रजनी बजाज लंबे समय से क्षेत्रीय गतिविधियों में सक्रिय रही हैं, जिसका लाभ समिति के कार्यों में देखने को मिलेगा। लोगों को उम्मीद है कि उनके कार्यकाल में समिति की योजनाओं को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा। समर्थकों ने विश्वास जताया कि रजनी बजाज किसानों और आम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाकर समाधान कराने का प्रयास करेंगी।

# दूरस्थ गांवों के छात्र-छात्राओं को मिली बड़ी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जिलाधिकारी ने शुरू कराई वाहन सुविधा**

**चम्पावत।** मनीष कुमार ने दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं की शिक्षा संबंधी समस्याओं को देखते हुए सराहनीय पहल की है। हाईस्कूल के बाद आगे की पढ़ाई के लिए आवागमन की कठिनाइयों से जूझ रहे विद्यार्थियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा खनन न्यास मद से आधा दर्जन वाहनों की व्यवस्था की गई है।

16 मई से शुरू की गई यह विशेष परिवहन सुविधा 31 मार्च 2027 तक प्रभावी रहेगी। हालांकि शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान वाहन सुविधा स्थगित रहेगी। इस योजना के अंतर्गत जीआईसी सुखीढांग के अधीन आने वाले बायलधुरा, चौड़ाकोट, मथियाबांज एवं सीलाड़ क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को विद्यालय तक लाने-ले जाने की सुविधा मिलेगी। वहीं जीआईसी बिविल के लिए पन्थ्युड़ा, शिमलौटा, भट्टाक एवं अगोड़ा क्षेत्र के विद्यार्थियों हेतु भी वाहन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सरयू घाटी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका मंजू बाला ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था, जिसके बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए यह व्यवस्था लागू की। क्षेत्रीय लोगों एवं शिक्षिका मंजू बाला ने छात्र-छात्राओं के हित में उठाए गए इस कदम के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार का आभार व्यक्त किया।

# भीषण गर्मी के बीच पूर्णागिरि मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** मां पूर्णागिरि धाम में गर्मी का प्रभाव बढ़ने के साथ ही उत्तर भारत के प्रसिद्ध पूर्णागिरि मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अमावस्या और वीकेंड के चलते शनिवार को करीब 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने माँ पूर्णागिरि के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

मेले में बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस लगातार व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटे हुए हैं। ठुलीगाड़ से भैरव मंदिर तक संचालित टैक्सियों में ओवरलोडिंग और ओवरस्पीड की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मेला मजिस्ट्रेट डॉ. ललित मोहन तिवारी ने ठुलीगाड़ और भैरव मंदिर स्थित अस्थायी थाना प्रभारियों को तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि तेज रफ्तार वाहनों के कारण पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठुलीगाड़ क्षेत्र में दर्शन के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु भंडारों में प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं, जबकि रैन बसेरों में भी यात्रियों की भारी भीड़ विश्राम करती दिखाई दी। वहीं शारदा घाट में स्नान के दौरान लापरवाही बरतने वाले श्रद्धालुओं को लगातार चेतावनी दी जा रही है। इसके बावजूद को चार श्रद्धालु गहरे पानी में जाने लगे, जिन्हें वहां तैनात जल पुलिस टीम ने समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जल पुलिस के रविंद्र कुमार उर्फ पहलवान, अनिल कुमार, मनोज राणा, मुकेश कुमार तथा पीआरडी जवान तारक और सूरज कुमार की तत्परता से अब तक मेले के दौरान दर्जनों लोगों की जान बचाई जा चुकी है।

# अग्निकांड पीड़ितों को सहायता राशि मिलने से मिली बड़ी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर/चम्पावत।** पूर्णागिरी मेले के दौरान हुई भीषण अग्निकांड की घटना में कई गरीब व्यापारियों की दुकानें जलकर राख हो गईं। देर रात लगी आग में गिफ्ट आइटम, बच्चों के खिलौने व अन्य सामान बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले करीब दर्जनभर व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के नोडल अधिकारी केदार सिंह बृजवाल मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने तत्काल घटना की जानकारी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं जिला प्रशासन को देते हुए प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। जिला प्रशासन की ओर से पीड़ित व्यापारियों को तत्काल राहत सहायता प्रदान की गई है। साथ ही भविष्य में मेले के दौरान इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा इंतजाम और प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# सरकारी तालाब में डूबने से बालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगर पंचायत नानकमत्ता करा रही हैं सरकारी तालाब का सौंदर्यकरण**

**नानकमत्ता ।** नगर के दहला मार्ग पर नगर पंचायत नानकमत्ता द्वारा सरकारी तालाब का सौंदर्यकरण कराया जा रहा है। रविवार की दोपहर में तालाब के पास खेल रहा बालक तालाब में भरे पानी में डूब गया, पता चलने पर बालक को आनन फानन में परिजनो व आस पास के लोगों द्वारा अचेत अवस्था में बाहर निक. ाला गया,जिसे निजी चिकित्सालय ले गये जहा चिकित्सक ने बालक को मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत होने पर परिवार के लोगों में कोहराम मच गया।

बता दे कि मृतक का बालक देव उम्र करीब सात वर्ष पुत्र विजय पाल के पिता घटना के दौरान घर पर नहीं थे। मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली ।ज्ञात रहे की नानकमत्ता के दहला रोड पर स्थित सरकारी तालाब में डूबने से हुई बालक की की मौत से लोगों में खासा आक्रोश व्याप्त है।

